माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID –registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1461 /प्रवेश /MSU/ 2023–24 दिनांक : 28-10-2023

प्रेस विज्ञप्ति

मॉ. शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में एल.एल0बी0 पाठ्यक्रम (तीन वर्षीय) में सत्र 2023–24 में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार पुनः दिनांक 30.10.2023 से 05.11.2023 तक होगें। सूच्य है कि बार कॉसिल ऑफ इण्डिया (B.C.I.) के नियमानुसार एल. एल0बी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु सामान्य वर्ग हेतु 45% या अधिक, पिछडा वर्ग हेतु 42% या अधिक एवं अनुसूचित जाति/जनजाति हेतु 40% या अधिक अंको के साथ स्नातक उत्तीर्ण छात्र पात्र होगें। यदि छात्र के स्नातक स्तर पर अंक 45% से कम है, परन्तु स्नातकोत्तर स्तर पर अंक 45% अथवा अधिक है, तो वह एल.एल0बी0 (तीन वर्षीय) में प्रवेश लेने के लिए पात्र है। एल.एल0बी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश केवल उन्हीं महाविद्यालयों/संस्थानों में कराये जायेगें, जिन्हें बार कॉसिल ऑफ इण्डिया (B.C.I.) के द्वारा सत्र 2023–24 हेतु मान्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र प्राप्त होगा तथा वे विश्वविद्यालय में जमा करा देगें।

अतः इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपना ऑनलाईन पंजीकरण वैबसाईट www.msuniversity.ac.inपर दिये गये लिंक पर जाकर कराना सुनिश्चित करें। प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण अनिवार्य है। पंजीकरण कराने के पश्चात अभ्यर्थी इस पंजीकरण का प्रिंटआउट/फोटोप्रति सम्बन्धित आवश्यक पत्राजात के साथ पाठ्यक्रम से सम्बन्धित महाविद्यालयों /संस्थानों में पंजीकरण करायेगा। अभ्यर्थी एक से अधिक महाविद्यालय/संस्थान में पंजीकरण करा सकता है।

प्रो0 (नरेश कुमार मलिक)
प्रवेश समन्वयक
मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
एवं
प्राचार्य, चौ0 छोटूराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
मुजफ्फरनगर।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी जी को सूचनार्थ।
3. कुलसचिव जी को सूचनार्थ।
4. सहायक प्रवेश समन्वयक को सूचनार्थ।
5. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या /निदेशक , मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थान को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. समस्त स्थानीय प्रेस प्रवक्ताओं को इस आशय से कि वे छात्र हित में अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में निशुल्क प्रकाशित करने हेतु।
7. विश्वविद्यालय अधिकृत एजेन्सी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रो0 (नरेश कुमार मलिक)
प्रवेश समन्वयक